भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3328 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अंतर्देशीय जलमार्ग

†3328. श्री बैजयंत पांडा:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से व्यापार और संपर्क/संबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय जलमार्ग-2 पर कार्गो आवागमन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए बुनियादी ढांचे और निवेश से जुड़ी कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण एक स्वायत संगठन द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से व्यापार और संपर्कता को सुदृढ़ करने के लिए किए गए उपाय इस प्रकार हैं:

- राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग-16 (बराक नदी) का विकास और रखरखाव।
- पांडु, जोगीघोपा, धुबरी, नीमाटी, बोगीबील, करीमगंज और अन्य स्थानों पर स्थायी और फ्लोटिंग टर्मिनलों का विकास।
- फ्लोटिंग टर्मिनलों, सामुदायिक जेटियों और यात्री सुविधाओं का निर्माण।
- रा.ज.-2 और रा.ज.-16 में फेयरवे का विकास और संरक्षण कार्य।

- रा.ज.-2 पर नौचालन सहायता और रात्रि नौचालन सुविधाओं की स्थापना और रा.ज.-16 में दिवस (Day) चैनल चिह्न।

- पूर्वोत्तर राज्यों में केंद्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) के तहत अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) अवसंरचना का विकास।

- भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल (आईबीपी) मार्ग से कार्गो आवाजाही को बढ़ावा देना और जलमार्गों को सड़क और रेल नेटवर्क के साथ एकीकृत करना।

(ख) रा.ज.-2 पर परिवहन किए गए कार्गो में कोयला, खाद्यान्न, उर्वरक, सीमेंट, फ्लाई ऐश, पीओएल उत्पाद, पत्थर के ढेर, बड़े आकार वालो कार्गो (ओडीसी) और अन्य सामान्य कार्गो शामिल हैं। कार्गो भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग के माध्यम से भी ले जाया जाता है जो पूर्वोत्तर क्षेत्र को हल्दिया/कोलकाता पत्तन से जोड़ता है।

राष्ट्रीय जलमार्ग-2 पर कार्गो आवाजाही का विवरण नीचे दिया गया है:

वर्ष	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
कार्गो मिलियन टन में	0.43	0.63	0.59	0.90	1.29

(ग) पूर्वोत्तर क्षेत्र में आईडब्ल्यूटी अवसंरचना के व्यापक विकास हेतु आईडब्ल्यएआई द्वारा विभिन्न परियोजनाएं आरंभ की गई इसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

दिनांक 07/08/2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3328 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित

अनुबंध

क. पूर्वोत्तर में प्रमुख पूर्ण परियोजनाएं:

क्र.सं.	**परियोजना**	**लागत (करोड़ ₹ में)**
1	पांडू में उच्च-लेवल वाली जेटी का निर्माण	43.89
2	धुबरी टर्मिनलों के लिए जेटी का निर्माण और कार्य	47
3	एमएमएलपी जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल का विकास	82.04
4	बोगीबील में कार्गो-सह-पर्यटक टर्मिनल का निर्माण	101
5	बोगीबील और पांडू में फ्लोटिंग पर्यटक जेटी	9.75
6	बदरपुर और करीमगंज टर्मिनल पर मौजूदा तटीय सुविधाओं का नवीनीकरण	6.4
7	सोनामुरा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल का निर्माण और विकास	6.91
8	बोगीबील में कस्टम और इमिग्रेशन भवन	8.87
9	धुबरी और बोगीबील में सीमा-शुल्क और आप्रवासन भवन	9.31
10	जोगीघोपा टर्मिनल में चारदीवारी का निर्माण	12.33
11	डिब्रूगढ़ में हैरिटेज बिल्डिंग का नवीनीकरण	6
12	टर्मिनलों और फेयरवे विकास सहित अन्य कार्यों का प्रचालन और अनुरक्षण (2014-2026)	508.3
13	पांडू में योक प्रणाली के साथ स्टील गैंगवे का निर्माण	2.88
14	रा.रा.-27 से पांडू जेटी तक पहुंच मार्ग	180

ख. पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रमुख जारी परियोजनाएं:

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ ₹ में)	वर्तमान स्थिति
1	रा.ज.-2 (बांग्लादेश सीमा से पांडु तक) के लिए डीसीआई के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र में फेयरवे विकास	143	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 67.70%)
2	पांडु में पोत मरम्मत सुविधा	283.33	कार्य प्रगति पर हे वास्तविक प्रगति: 97%
3	बिश्वनाथ घाट पर पर्यटक जेटी और नेमाटी घाट पर कार्गो-सह-क्रूज टर्मिनल का निर्माण	158	डिपॉजिट कार्य आधार पर कार्य आईपीआरसीएल को सौंपा गया है। निविदा संबंधी कार्य प्रगति पर है।
4	डिब्रूगढ़ में आरसीओई का विकास	207.65	डिपॉजिट कार्य आधार पर कार्य आईपीआरसीएल को सौंपा गया है। निविदा संबंधी कार्य प्रगति पर है।
5	फैंसी बाजार में क्षेत्रीय कार्यालय, एमएसडीसी, अतिथि गृह और आईटीएटी के लिए कार्यालय स्थान के लिए भवन का निर्माण	50	डिपॉजिट कार्य आधार पर कार्य आईपीआरसीएल को सौंपा गया है। निविदा संबंधी कार्य प्रगति पर है।
6	पांडु टर्मिनल को पोत मरम्मत सुविधा से जोड़ने वाला लिंक रोड	55	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 27.00%)
7	डीसीआई के माध्यम से भंगा-बदरपुर (10.5 किमी) खंड में फेयरवे का विकास और अनुरक्षण	41.67	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 67.70%)
8	बदरपुर टर्मिनल पर गैंगवे के साथ बर्थिंग पोंटून का निर्माण	2.57	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 72.50%)
9	करीमगंज टर्मिनल पर गैंगवे के साथ क्रेन पोंटून का निर्माण	4.42	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 65.00%)
10	रा.ज.-16 के लिए एक सर्वेक्षण जलयान की खरीद	4.97	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 60.00%)
11	रा.ज.-16 और आईबीपी मार्ग के लिए तीन एम्फीबियन ड्रेजर की खरीद	30	निविदा चरण में
12	ब्रह्मपुत्र नदी (रा.ज.-2) के लिए दो (25×6 मीटर) स्टील पोंटून की खरीद	3.4	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 90.00%)
13	ब्रह्मपुत्र नदी (रा.ज.-2) के लिए दो एसडीबी जलयानों की खरीद	2.88	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 55.00%)

14	बराक नदी के लिए 10 आरपीएल यात्री जलयान प्रदान करने की परियोजना	13.02	कार्य प्रगति पर हे (वास्तविक प्रगति: 55.00%)
15	रा.रा.-15 से बोगीबील टर्मिनल तक सभी मौसम के लिए उपयुक्त पहुंच मार्ग का निर्माण (डीपीआर)	0.43	डीपीआर चरण में
16	रा.ज.-30, रा.ज.-32, रा.ज.-50, रा.ज.-57 और रा.ज.-95 पर सामुदायिक जेटियों के निर्माण के लिए डीपीआर	5.56	निविदा चरण में

*****